बिहार पुलिस मुख्यालय
(विशेष कार्य बल)
दिनांक–17.11.2024

पटना जिला का कुख्यात वांछित अपराधी शंकर यादव उर्फ शंकर राय उर्फ विनय राय गिरफ्तार

- आज दिनांक 17.11.2024 को बिहार एस0टी0एफ0 की विशेष टीम द्वारा पटना जिला का कुख्यात वांछित अपराधी शंकर यादव उर्फ शंकर राय उर्फ विनय राय पे0 छट्ठु राय सा0 दुजराचक थाना बुद्धकॉलोनी जिला पटना को दानापुर (पटना) थाना कांड संख्या 208/22 दिनांक 28.03.2022 धारा 302/34/120बी भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट में दानापुर (पटना) थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया।
- उल्लेखनीय है कि उक्त अपराधी दिनांक 28.06.2022 को हुए चर्चित दीपक मेहता (वार्ड पार्षद, नासरीगंज, दानापुर) हत्याकांड की घटना में शामिल था। उक्त अपराधी पूर्व में भी पच्चास हजार रूपये का ईनामी अपराधी था।
- उक्त अपराधी के विरूद्ध पटना जिला के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित कई कांड दर्ज है।

STF